Attached Document :

LK-31-03-2020-9.docx (http://103.203.138.54/news/205585/document/LK-31-03-2020-9.docx)

DESCRIPTION

जिला कलक्ट्रेट में समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए
वॉर रूम प्रारम्भ, 'राउण्ड द क्लॉक' करेगा काम
- फोन ः 0141-2204475 एवं 0141-2204476
-15 से अधिक अधिकारी करेंगे समस्याओं का समाधान

जयपुर, 31 मार्च। जिला कलक्ट्रेट में स्थापित वॉर रूम ने कोरोना के प्रसार नियंत्रण एवं लॉक डाउन के कारण आमजन को आ रही विभिन्न समस्याओं के त्वरित एवं समन्वयपूर्ण समाधान के लिए काम करना प्रारम्भ कर दिया है। चिकित्सा, रसद, बिजली, पानी, पशुपालन जैसे विभिन्न विभागों के 15 से अधिक अधिकारी इस वॉर रूम में सातों दिन, 24 घंटे शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए काम करेंगे।

वॉर रूम के प्रभारी अतिरिक्त जिला कलक्टर चतुर्थ श्री अशोक कुमार ने बताया कि जिले में कोरोना आपदा के दौरान पूर्व स्थापित कन्ट्रोल रूम का दायरा बढाते हुए इसे ही अब वॉर रूम में तब्दील कर दिया गया है। यहां भोजन, चिकित्सा या अन्य किसी आवश्यकता या समस्या के लिए जैसे की कोई शिकायत आती है, वॉर रूम में सम्बन्धित विभाग के नोडल अधिकारी उसे हल करने की दिशा में काम शुरू कर देते हैं। कोई भी आम नागरिक वॉर रूम के नम्बरों 0141-2204475/76 पर फोन कर सहायता प्राप्त कर सकता है। मंगलवार को सुबह प्राप्त कई शिकायतों का त्वरित निस्तारण कर दिया गया।

श्री अशोक कुमार ने बताया कि वॉर रूम के संचालन एवं आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए सभी अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देशित कर दिया गया है। खासकर राशन और भोजन उपलब्ध नहीं होने सम्बन्धी शिकायतों पर तेजी से काम किया जाएगा ताकि जिले में कोई व्यक्ति भूखा नहीं रहे। सभी अधिकारियों को आने वाली छोटी से छोटी शिकायत को संवेदनशीलता एवं गंभीरता से लेने के लिए निर्देशित किया गया है।

SUPPORTING IMAGES

Copyright © 2016 Information and Public Relations Department. All Right Reserved.

Last Updated On: **14/4/2020**
You are visitor No.: